an>

Title: Need to take steps to protect National heritage in the country.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय का ध्यान देश की प्राचीन धरोहरों की रखवाली की ओर दिलाना चाहता हूं। आम तौर पर देखा जाता है कि वे सारी धरोहरें खंडित हो रही हैं और उनकी उचित समय पर देखरेख नहीं होती है। मैं अपने लोक सभा क्षेत्र सतना के अंतर्गत चित्रकूट की तरफ विशेष रूप से आपका ध्यान आकृष्ट करा रहा हूं, जहां बहुत प्राचीन मंदिर और अन्य सांस्कृतिक स्थान हैं। उनके संरक्षण एवं दीर्घजीवी बनाने के लिए रामायणम परिसर विकसित करने के लिए 86 करोड़ का एक प्रस्ताव भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के पास विचाराधीन है।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि सरकार उसकी स्वीकृति दें।